(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल–४६२००३

पंजीयन क्र.–17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई–मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com,*

www.vidyabhartimp.org

पत्र क्रमांक : 165./2019 — दिनांक– 01/07/2019

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य महोदय,
सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,
मध्यभारत प्रान्त

विषयः कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई 2019 को मनाने हेतु।

आदरणीय बंधु,

सादर नमस्कार।

भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विदेशी आक्रांताओं के द्वारा अनेक बार युद्ध थोपने का प्रयास हुआ है। हर बार हमारे वीर सैनिकों ने उसका मुंहतोड़ जवाब देकर युद्ध को जीता है। ऐसे ही पाकिस्तान द्वारा कारगिल में युद्ध करने का प्रयास किया गया है जिसके परिणामस्वरूप देश के कुशल नेतृत्व में हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना को कारगिल युद्ध में मार कर भगाया और कारगिल चोटी पर पुनः भारत का साम्राज्य 26 जुलाई 1999 को स्थापित किया। देश में जब भी किसी प्रकार का युद्ध होता है उसमें अनेक वीर सैनिकों द्वारा भारत माता की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देते है। यह विजय दिवस उन वीर सैनिकों को सादर समर्पित है।

कारगिल विजय दिवस को 20 वर्ष पूरे होने पर सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश भोपाल के सभी विद्यालयों में 26 जुलाई 2019 को विजय पर्व के रूप में मनायें और अपने कार्यक्रम वीर सपूतों को समर्पित करें।

कार्यक्रम आयोजन के पश्चात् कार्यक्रम वृत्त जिला केन्द्र पर एकत्रित कर प्रान्त को सूचित करें।

कार्यक्रम का स्वरूपः–

1. प्रातः समाज में कारगिल विजय पर झांकी निकाल सकते है।
2. कारगिल स्मारक (मॉडल) बनाकर दीप प्रज्ज्वलन करना।
3. कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों, पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित करना।
4. पेंटिंग, निबंध एवं कविता प्रतियोगिताएँ आयोजित करना (कारगिल विजय दिवस पर आधारित)
5. कारगिल युद्ध पर सैनिकों / सरकार द्वारा जारी टेली फिल्म बच्चों को दिखाना।

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः–

1. मा. संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री महोदय, मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख/समस्त विभाग समन्वयक महोदय मध्यभारत प्रान्त।

E:\P-July 18-19Daly Letter